# महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर

क्रमांकःएफ.1( )संस्था/मदसविवि/2025/ दिनांक

## परिपत्र

माननीय कुलगुरू महोदय के संज्ञान में आया है कि महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के नाम से "MDSU Ajmer" एवं "MDSU Pariwar" व्हाट्सअप ग्रुपों का संचालन विश्वविद्यालय के कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है । चूंकि उक्त दोनों ग्रुप विश्वविद्यालय के नाम से संचालित हो रहे है एवं विश्वविद्यालय के विभिन्न अनुभागों द्वारा जारी होने वाले सर्कुलर भी इन ग्रुप्स पर पोस्ट होने के कारण सामान्यतया इन्हें विश्वविद्यालय का आधिकारिक ग्रुप माना जाता रहा है।

अतः इन व्हाट्सअप ग्रुपों पर की जाने वाली अवांछित, संवेदनशील, गोपनीय एवं अमर्यादित टिप्पणियां पोस्ट करने से न केवल भ्रांति की स्थिति उत्पन्न होती है अपितु उच्चाधिकारियों की दृष्टि में विश्वविद्यालय की छवि खराब होती है।

अतः निर्देशानुसार उक्त व्हाट्सअप ग्रुपों के संबंध में तत्काल प्रभाव से निम्नानुसार कार्यवाही की जाती है :-

1. विश्वविद्यालय के ग्रुप MDSU Pariwar पर पोस्ट करने वाले कार्मिक का उत्तरदायित्व/जिम्मेदारी निर्धारित करने की दृष्टि से इस व्हाट्अप ग्रुप में से सेवानिवृत शिक्षकों/अधिकारियों/कर्मचारियों को (Remove) हटाया जावे तथा इसके अतिरिक्त यदि विश्वविद्यालय के किसी अन्य कार्मिक द्वारा MDSU के नाम से कोई संचालित ग्रुप है तो ऐसे अन्य ग्रुपों को बंद करने की कार्यवाही की जावे ताकि अनेक संचालित ग्रुपों से होने वाली भ्रम की स्थिति से बचा जा सके।
2. ग्रुप के समस्त सदस्यों को अवगत कराया जाता है कि विश्वविद्यालय में सुव्यवस्थित कार्यसंस्कृति के निर्माण एवं आपसी समन्वय के उद्देश्य की पूर्ति हेतु भविष्य में विश्वविद्यालय के नाम से संचालित ग्रुप में किसी भी सदस्य के द्वारा राजकीय दृष्टि से संवेदनशील, गोपनीय, अवांछित एवं अमर्यादित टिप्पणियां नहीं की जावे तथा अपने तथा प्रदेश के किसी भी विश्वविद्यालय से संबंधित गोपनीय प्रकृति की सूचना एवं आदेश ग्रुप में पोस्ट नहीं करें।

Sd
कुलसचिव

क्रमांकःएफ.1( )संस्था/मदसविवि/2025/ 24270-342 दिनांक :- 19-8-25

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः-**

1. समस्त विभागाध्यक्ष/प्रभारी-शैक्षणिक विभाग, मदसविवि, अजमेर।
2. निदेशक शोध/डीन-छात्र कल्याण/वेब एडमिनिस्ट्रेटर, मदसविवि, अजमेर।
3. मुख्य कुलानुशासक/सचिव-स्पोर्ट्स बोर्ड, मदसविवि, अजमेर।
4. वित्त नियंत्रक/परीक्षा नियंत्रक, मदसविवि, अजमेर।
5. समस्त उपकुलसचिव/वरिष्ठ लेखाधिकारी/एसीपी, मदसविवि, अजमेर।
6. समस्त सहायक कुलसचिव/सहायक लेखाधिकारी, मदसविवि, अजमेर।
7. विश्वविद्यालय अभियन्ता कार्यालय, मदसविवि, अजमेर।
8. कुलगुरू सचिवालय, मदसविवि, अजमेर।
9. निजी सहायक-कुलसचिव, मदसविवि, अजमेर।
10. प्रबन्धक अतिथि गृह/समस्त अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी/प्रभारी स्वास्थ्य केन्द्र, मदसविवि, अजमेर।
11. नोटिस बोर्ड-मदसविवि, अजमेर के समस्त भवन मदसविवि, अजमेर।
12. रक्षित पत्रावली संस्थापन अनुभाग, मदसविवि, अजमेर।

सहायक कुलसचिव (संस्थापन)

(18)